# भारतीय बीमा विनियामक
# और विकास प्राधिकरण

## सहायक प्रबंधक की भर्ती हेतु मुख्य ऑनलाइन-ऑफ़लाइन (वर्णनात्मक) परीक्षा (चरण-II) के लिए सूचना पुस्तिका

इस पुस्तिका में आपके द्वारा दी जाने वाली ऑनलाइन-ऑफ़लाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपको इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपको परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी।

इस परीक्षा में निम्नानुसार वर्णनात्मक प्रकार की बहुविकल्प प्रश्नावलियां होंगी :

| प्रश्नपत्र का नाम | प्रश्नपत्र का प्रकार | माध्यम | अंक | समय |
|---|---|---|---|---|
| प्रश्नपत्र-I : अंग्रेजी | वर्णनात्मक (प्रश्न कम्प्यूटर स्क्रीन पर दिखेंगे और उत्तर पत्रिका पर उत्तर लिखने होंगे) | द्विभाषीय अर्थात् अंग्रेजी और हिन्दी (अंग्रेजी पेपर को छोड़कर) | 100 | 60 मिनट |
| प्रश्नपत्र-II : बीमा को प्रभावित करनेवाले आर्थिक और सामाजिक विषय | | | 100 | 60 मिनट |
| प्रश्नपत्र-III : बीमा और प्रबंध | | | 100 | 60 मिनट |
| | **कुल** | | **300** | **180 मिनट** |

अभ्यर्थी बुलावा पत्र में मुद्रित समय से 15 मिनट पहले परीक्षा स्थान पर अवश्य उपस्थित हों। परीक्षा के लिए समय 180 मिनट है; तथापि लॉग इन, प्रवेश पत्र जमा करने, निर्देश पढ़ने आदि के समय को मिलाकर आपको परीक्षा स्थल में लगभग 240 मिनट उपस्थित रहना पड़ सकता है। अंग्रेजी के अतिरिक्त सभी प्रश्नपत्र अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए अलग-अलग समय आबंटित है। आपको प्रश्नपत्र को केवल उस प्रश्नपत्र के लिए आवंटित समय के दौरान ही हल करना होगा।

**अंग्रेजी के अलावा दोनों पेपर अंग्रेजी और हिन्दी में उपलब्ध होंगे। वर्णनात्मक प्रश्न कंप्यूटर के स्क्रीन पर प्रदर्शित होंगे। प्रश्न के उत्तर अलग से उत्तर पत्रिका पर लिखने होंगे, जो आपको परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध करायी जाएगी।**

**चरण II – वर्णनात्मक (डिस्क्रिप्टिव) परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम**

### 1. प्रश्नपत्र I – अंग्रेजी

1) निबंध;
2) सार-लेखन;
3) परिज्ञान (कांप्रिहेन्शन) और व्यावसायिक/ कार्यालयीन पत्र-व्यवहार।

### 2. प्रश्नपत्र II – बीमा को प्रभावित करनेवाले आर्थिक और सामाजिक विषय

1) आर्थिक संवृद्धि, व्यावसाय चक्र और बीमा व्यापन, अर्थव्यवस्था पर आयु संरचना का प्रभाव, बीमा प्रीमियम निर्धारण के लिए उपयोगिता सिद्धांत का प्रयोग, आपात और महामारी सहित समष्टि-आर्थिक कारक जो बीमाकर्ताओं और बीमा बाजारों को प्रभावित कर सकते हैं;
2) वित्तीय बाजार, वित्तीय संस्थाएँ और वित्तीय सेवाओं का समन्वयन तथा अंतःसंबंध से उत्पन्न होनेवाले जोखिम; प्रणालीगत जोखिम और संकेन्द्रण जोखिम;
3) आर्थिक पूंजी और जोखिम आधारित पूँजीगत अपेक्षाएँ, पुनर्बीमा सहित जोखिम अंतरण व्यवस्थाओं का आर्थिक प्रभाव, अर्थव्यवस्था के धारणीय और दायित्वपूर्ण विकास के प्रति बीमा क्षेत्र का योगदान, बुनियादी संरचना क्षेत्र में बीमा निवेश;
4) भारत में आर्थिक सुधार जो बीमा क्षेत्र सुधारों के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं, बीमा विनियमन – वित्तीय और बाजार व्यवहार विनियम, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के कार्य, बीमांकक की भूमिका, भारत में प्रशुल्क-समापन (डी-टैरिफिंग), मोटर व्यवसाय और भारतीय अनुभव, बदलते बीमा विनियम / कानून तथा एफएसएलआरसी;
5) भारत में सामाजिक संरचना, ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों में बीमा तथा उनके प्रति बीमाकर्ताओं के दायित्व, भारतीय सूक्ष्म बीमा अनुभव, सामाजिक सुरक्षा संबंधी कानून और उनका कार्यान्वयन, आरएसबीवाई – गरीबी रेखा से नीचे रहनेवाले (बीपीएल) परिवारों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना।

## 3. प्रश्नपत्र III – बीमा और प्रबंध

### भाग 1 – बीमा

1) भारतीय बीमा का इतिहास, बीमा सिद्धांत;
2) जोखिम और अनिश्चितता, जोखिम का समूहन और विविधीकरण, क्षतिपूर्ति और बीमायोग्य हित;
3) बीमा के कानूनी प्रतिष्ठान, सामूहिक/स्वास्थ्य बीमा/ पेंशन के संबंध में मूलभूत जानकारी; मध्यस्थता; बचत संग्रहण में भूमिका, विभिन्न प्रकारों का विकास और भारत में बैंकेश्युरेंस;
4) बीमाकर्ताओं द्वारा निष्पादित किये जानेवाले कार्यः उत्पाद अभिकल्पन, कीमत निर्धारण, वितरण, जोखिम-अंकन, दावे, निवेश और पुनर्बीमा;
5) बीमा व्यवस्थाएँ और उत्पादः संपत्ति-देयता, जीवन बीमा और वार्षिकी तथा स्वास्थ्य बीमा; देयता जोखिम और बीमा, मूल्यांकन और शोधक्षमता संबंधी अपेक्षाएँ, भारत में विशेषज्ञ बीमा व्यवस्थाएँ – कृषि और निर्यात ऋण गारंटी, पुनर्बीमा, भारतीय साधारण बीमा निगम (जीआईसी ऑफ इंडिया), दायित्व-वाहक सत्र तथा देश के अंदर जोखिम का प्रतिधारण।

### भाग 2 – प्रबंध

1) इसका स्वरूप और विस्तार;
2) प्रबंध की प्रक्रियाएँ – आयोजना, संगठन, स्टाफ की व्यवस्था, निदेशन और नियंत्रण, संगठन में प्रबंधक की भूमिका;
3) नेतृत्वः नेता के कार्य; नेतृत्व शैलियाँ; नेतृत्व सिद्धांत; सफल नेता बनाम प्रभावी नेता;
4) मानव संसाधन विकास – एचआरडी की संकल्पना; एचआरडी के लक्ष्य; कैरियर आयोजना - प्रशिक्षण और विकास;
5) कार्यनिष्पादन मूल्यांकन – संभाव्य मूल्यांकन और विकास – प्रतिसूचना (फीडबैक) और कार्यनिष्पादन संबंधी परामर्श – पुरस्कार – कर्मचारी कल्याण;
6) अभिप्रेरण (मोटिवेशन), मनोबल और प्रोत्साहनः अभिप्रेरण के सिद्धांत; प्रबंधक कैसे अभिप्रेरित करते हैं; मनोबल की संकल्पना; मनोबल को निर्धारित करनेवाले कारक; मनोबल निर्मित करने में प्रोत्साहनों की भूमिका;
7) संप्रेषणः संप्रेषण प्रक्रिया के कदम; संप्रेषण के माध्यम; मौखिक बनाम लिखित संप्रेषण; मौखिक बनाम गैर-मौखिक संप्रेषण; ऊर्ध्वमुखी, अधोमुखी और पार्श्विक संप्रेषण; संप्रेषण की बाधाएँ;
8) सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका;
9) कॉरपोरेट अभिशासनः कॉरपोरेट अभिशासन को प्रभावित करनेवाले कारक; कॉरपोरेट अभिशासन के तंत्र।

**(ए) ऑनलाइन-ऑफ़लाइन (वर्णनात्मक) परीक्षा पैटर्न का विवरण :**

(1) ऑनलाइन-ऑफ़लाइन माध्यम में परीक्षा आयोजित की जाएगी अर्थात प्रश्न कंप्यूटर पर प्रदर्शित किये जाएंगे तथा उत्तर-पत्रकों (आन्सर शीट्स) पर उत्तर लिखने होंगे।

(2) अंग्रेजी के परीक्षा को छोड़कर सभी परीक्षा अंग्रेजी और हिंदी में होंगे। अंग्रेजी के परीक्षा को छोड़कर उत्तर **पूर्णतया** हिंदी या अंग्रेजी में लिखे जाने हैं।

(3) उम्मीदवार की प्रोफाइल (नाम, रोल नंबर आदि) प्रदर्शित होगी और यदि प्रोफाइल सही हो तो उम्मीदवार 'I Confirm' बटन पर क्लिक करके पुष्टि करें। उसके बाद स्क्रीन पर अनुदेश प्रदर्शित होंगे। उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना है कि प्रदर्शित प्रोफाइल उसी की है। यदि कोई विसंगति हो तो उसे परीक्षा शुरू होने से पहले परीक्षा प्रशासक/निरीक्षक की जानकारी में लाएं ।

(4) सर्वर पर समय सेट किया गया है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दाएं कोने में काउंट डाउन टाइमर आपकी परीक्षा के लिए शेष समय को दर्शाएगा । घड़ी पूरी तरह बंद हो जाने पर परीक्षा स्वतः ही समाप्त हो जाती है आपको अलग से अपनी परीक्षा समाप्त या जमा करने की आवश्यकता नहीं है ।

(5) अभ्यर्थियों से अनुरोध हैं कि "परीक्षा प्रशासक" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार का भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण(आईआरडीएआई) द्वारा निर्णीत अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठना वर्जित होगा।

(6) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले परीक्षा प्रशासक से अपनी शंकाओं या प्रश्नों के विषय में पूछ सकता है। परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा।

(7) परीक्षा अलग-अलग समयबद्ध हैं। आप प्रश्नपत्र को केवल उस प्रश्नपत्र के लिए आवंटित समय के दौरान ही हल कर सकते हैं।

(8) 180 मिनट की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर नहीं कर पाएंगे **और स्क्रीन लॉक हो जाएगी। उम्मीदवार को समय के अंत में उत्तर लिखना बंद करना होगा। समय की समाप्ति के बाद परीक्षा लिखने वाले किसी भी उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।**

**(9) कृपया नोट करें:**

**(क) परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक अभ्यर्थियों को "फाइनली सबमिट" करने नहीं दिया जाएगा ।**
**(ख) एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्योंकि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी।**

**(10) वर्णनात्मक प्रश्नपत्र के लिए कृपया नोट करें :-**

क. **अलग से लॉग-इन करने की आवश्यकता नहीं है।**

ख. **प्रश्न कंप्यूटर के मॉनिटर स्क्रीन पर दर्शाए जाएंगे।**

ग. **उत्तर पत्रिका में उत्तर लिखने होंगे।**

घ. **सम्बंधित प्रश्नपत्र के लिए आवंटित समय के अनुसार प्रश्नपत्र का उत्तर लिखें।**

ङ. **उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न की प्रतिलिपि न बनाएं। केवल उस प्रश्न व उप प्रश्न संख्या का उल्लेख करें जिसके लिए आप उत्तर लिख रहे हैं।**

**(ब) सामान्य निर्देश :**

(1) कृपया बुलावा पत्र (कॉल लेटर) में अंकित तिथि, रिपोर्टिंग समय और परीक्षा स्थल का पता का ध्यान रखें।

(2) आप स्थान की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले परीक्षा स्थल पर जा सकते हैं ताकि आप परीक्षा के दिन **समय** (बुलावा पत्र पर मुद्रित) पर रिपोर्ट कर सकें। देर से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(3) आपके द्वारा बुलावा पत्र पर आपका हालिया पासपोर्ट आकार का फोटो विधिवत चिपकाकर परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए। (अधिमानतः वही फोटो जो अपलोड की गई थी)।

(4) परीक्षा स्थल पर परीक्षा प्रशासक और भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण(आईआरडीएआई) के प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। यदि आपके द्वारा निर्देशों का उल्लंघन किया जाता है तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा।

(5) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमरा सहित या रहित), स्मार्ट वॉच या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(6) बायोमैट्रिक डाटा (अंगूठे का निशान) और फोटोग्राफ परीक्षा से पहले परीक्षा स्थल पर लिया जाएगा। बायोमैट्रिक डाटा सत्यापन प्राधिकारी का इस संदर्भ में (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) निर्णय अंतिम होगा और अभ्यर्थियों के लिए बाध्यकारी होगा। **बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर करने/सत्यापन करने की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर भाग लेने से इन्कार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है।** इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखेः

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए।

(ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो अंगूठे के निशान के (बायोमैट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।

(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों। यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें।

(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केंद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा।)

(7) कृपया अपने फोटोग्राफ को इस बुलावा पत्र पर चिपका कर और वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का मूल प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी अपने साथ लाएं - यह अनिवार्य है। **कृपया बुलावा पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी समुचित रूप से स्टेपल करके परीक्षा के अंत में पर्यवेक्षक को सौंप दें।** वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं - पैनकार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/राजपत्रित अधिकारी द्वारा उनके आधिकारिक पत्र शीर्ष पर फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/जन प्रतिनिधि द्वारा उनके आधिकारिक पत्र शीर्ष पर फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण /मान्यता प्राप्त कालेज/विश्वविद्यालय द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त आधार/ई-आधार कार्ड /कर्मचारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार काउंसिल पहचान पत्र। **कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।** कृपया ध्यान दें कि बुलावा पत्र पर लिखा गया आपका नाम (जैसा आपने पंजीकरण की प्रक्रिया में दिया है) फोटो पहचान पत्र पर प्रदर्शित नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए। महिला अभ्यर्थी जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें। बुलावा पत्र पर दर्शाए गए नाम और फोटो पहचान प्रमाण में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा। **वे अभ्यर्थी जिन्होंने अपना नाम बदला हो, केवल तभी अनुमति दी जाएगी, यदि वे मूल राजपत्रित अधिसूचना / अपना मूल विवाह प्रमाण-पत्र/मूल शपथ-पत्र, प्रस्तुत करेंगे।**

(8) सही और गलत उत्तरों की समानता के पैटर्न का पता लगाने के लिए आपकी प्रत्युत्तरों (उत्तरों) का विश्लेषण परीक्षा में सम्मिलित अन्य अभ्यर्थियों के साथ किया जाएगा। यदि इस संबंध में अपनाई गई विश्लेषणात्मक प्रक्रिया में, यह अनुमान लगता / निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तर साझा की गई हैं और प्राप्त अंक वास्तविक / वैध नहीं हैं, तो आपकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। कोई भी अभ्यर्थी जो किसी अभ्यर्थी की नकल करते या कराते या सहायता प्रदान करने या किसी भी अनुचित व्यवहार में संलग्न पाया जाता है, उसके मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थियों के विरुद्ध भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण(आईआरडीएआई), अपने द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली आगे की कार्रवाई कर सकता है ।

(9) आपको अपने साथ एक बैल-पॉइंट पेन लाना चाहिए। आप अपने साथ अपना स्याही स्टाम्प पैड (नीला/काली स्याही) ला सकते हैं। कागज की एक शीट प्रदान की जाएगी जिसका उपयोग कच्चे (रफ) काम के लिए या परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने के लिए किया जा सकता है। परीक्षा समाप्त होने के बाद आपको बुलावा पत्र के साथ कागज की इस शीट को पर्यवेक्षक को सौंपना होगा।

(10) परीक्षा के संचालन में कुछ एक समस्या होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है। ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा, जिसमें यदि आवश्यक समझा जाए तो दूसरी परीक्षा का संचालन शामिल हो सकता है। इस संबंध में परीक्षा संचालन संस्था का निर्णय अंतिम रहेगा। इस तरह के परिवर्तन को स्वीकारने के लिए अनिच्छुक अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त हो जाएगी।

(11) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों की कठिनता स्तर के अंतर को समायोजित करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा। यदि केंद्र पर नोड क्षमता कम है या किसी केन्द्र पर या कोई तकनीकी खामी किसी अभ्यर्थी के लिए होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है।

(12) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है।

(13) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, अभ्यर्थी द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण(आईआरडीएआई) की किसी भी भर्ती प्रक्रिया

में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी। यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा ।

(14) अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे "लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024" पर ध्यान दें।

**(15) कृपया नीचे दिए गए सामाजिक दूरी संबंधित निर्देशों को ध्यान से पढें।**

## सामाजिक दूरी संबंधी निर्देश

1. अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर बुलावा पत्र में उल्लिखित समय अवधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है। देरी से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
2. अभ्यर्थी के अनुक्रमांक व उनके बैठने की लैब संख्या परीक्षा स्थल के बाहर नहीं दर्शाई जाएगी, पर इसे प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर प्रवेश करने के समय बता दिया जाएगा।
3. परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों को अनुमत सामग्री

   **अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर केवल निम्नलिखित सामान लाने की अनुमति होगी**

   **क. मास्क**

   **ख. अपना हैंड सैनिटाइजर (50 मिली)**

   **ग. एक सामान्य पेन और स्याही स्टैम्प पैड (नीला/काला)**

   **घ. परीक्षा संबंधी दस्तावेज (बुलावा पत्र तथा उसके साथ आई डी कार्ड की फोटोप्रति संलग्न हो, सत्यापन के लिए मूल आई डी कार्ड)**

   **ड. स्क्राइब वाले अभ्यर्थियों के मामले में – विधिवत रूप से भरा व फोटोग्राफ लगाकर हस्ताक्षर किया हुआ स्क्राइब फार्म**

   **परीक्षा स्थल के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है।**

4. अभ्यर्थी को अपने किसी भी निजी सामान/सामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।
5. अभ्यर्थी को एक दूसरे से सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए।
6. अभ्यर्थी को स्थल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार पंक्ति में खड़े होना चाहिए।
7. यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सुविधा का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी अपना मास्क लाना होगा।
8. परीक्षा पूर्ण होने पर अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल स्टाफ द्वारा निर्देशित किए जाने के अनुरूप भीड़ लगाए बगैर व्यवस्थित तरीके से बाहर निकलना चाहिए।

## आपको शुभकामनाएं!